Tital Code. : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

सुविचार

हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

वर्ष-1 अंक-3 सागवाड़ा, शनिवार,28 अगस्त, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-4, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## कांकरी डूंगरी उपद्रव मामले में फरार चल रहेव मुख्य आरोपीपंचायत समिति सदस्य गिरफ्तार

**डूंगरपुर।**

जिले की बिछीवाडा थाना पुलिस ने कांकरी डूंगरी उपद्रव मामले में फरार चल रहे भीड़ का नेतृत्व करने वाले बिछीवाडा पंचायत समिति सदस्य व मुख्य आरोपी को आज गिरफ्तार किया है । बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की 26 सितम्बर 2020 को शिक्षक भर्ती 2018 के रिक्त पदों को एसटी वर्ग से भरने की मांग को लेकर कांकरी डूंगरी के पास नेशनल हाइवे जाम, आगजनी, लूट, तोड़फोड़ जैसे घटनाएं हुई थी ।

इस मामले में भीड़ का नेतृत्व करने वाला सेरावाडा निवासी नमोनारायण वरहात फरार चल रहा था । मुखबीर की मिली सुचना पर पुलिस ने आरोपी वरहात को उसके गाँव सेरावाडा से आज गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने बताया की गिरफ्तार आरोपी बिछीवाडा पंचायत समिति के वार्ड 25 का सदस्य भी है ।

# सोशल मीडिया पर डाला था कुएं पर मिल जाऊंगा जल्दी से जला देना मेरी लाश

## पानतलाई निवासी युवक गांव के कुएं में मृत अवस्था में मिला

**सागवाड़ा।**

सागवाड़ा थाना क्षेत्र के पान तलाई में एक युवक का शव कुएं में मृत अवस्था में मिला।सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी के अनुसार पानतलाई निवासी कांति पुत्र धूला सरपोटा ने दी रिपोर्ट में बताया कि उसका पुत्र रमेश (23) शुक्रवार सुबह सागवाड़ा के लोकेश पंचाल के प्रतिष्ठान पर काम पर गया था तथा देर शाम नव बजे वापस घर पहुंचा। शनिवार सुबह करीब सात बजे कांति सरपोटा के भाई रमण ने बताया कि सागवाड़ा से लोकेश पंचाल का फोन आया है तथा रमेश ने सोशल मीडिया के पर स्टेटस डाला है कि सुथारों की वाव पर मिल जाऊंगा तथा मेरी लाश जल्दी से जला देना। परिजनों ने रमेश को उसके कमरे में देखा वहां नहीं मिला। कांति सरपोटा, रमण, बापूलाल कुएं पर पहुंचे। रमेश के कपड़े पेंट, चप्पल, मोबाइल तथा अन्य सामान कुएं की मुंडेर पर तथा सीढियों के पास पड़े हुए दिखे। रमेश का शव कुएं के पानी में ही होने की संभावना को देखते हुए बिलाड़ी मंगवा कर रमेश की तलाश शुरू की। आसपास बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एकत्र हो गए। बिलाड़ी की मदद से रमेश के शव को कुएं से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर एसआई राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे तथा परिजनों से घटना की जानकारी ली। रमेश के शव को राजकीय चिकित्सालय के पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाया।

परिजनों के रिपोर्ट देने पर मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच सरोदा चौकी प्रभारी हैड कांस्टेबल हर्षवर्धनसिंह को दी है।

# मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य लाभ के लिए जिलेभर में हवन व पूजा अर्चना

## डूंगरपुर में विधायक घोघरा और सागवाड़ा में पालिकाध्य खोड़निया के सानिध्य में हुई पूजा

**डूंगरपुर।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रदेशभर में उनके चाहने वाले ईश्वर से कामना कर रहे है । इसी कड़ी में डूंगरपुर जिले के डूंगरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक व यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा ने शहर के नया महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना व हवन करवाया गया ।

इस दौरान सीएम अशोक गहलोत के स्वास्थ्य लाभ के लिए विधायक गणेश घोघरा व कांग्रेस के अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओ ने हवन में आहूतिया देते हुए भगवान शिव से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जल्दी ठीक होने की कामना की गई । वही सागवाडा में वार्ड नंबर सात के पार्षद भरत जोशी व कार्यकर्ताओं ने पुनर्वास कॉलोनी के पंचदेव मंदिर प्रांगण में महामृत्युंजय जप यज्ञ करवाया। यजमान नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, भरत भट्ट, ध्यानीलाल कंसारा व ललित पंचाल ने महामृत्युंजय जप यज्ञ में भाग लिया। जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री गहलोत के प्रतिकूल स्वास्थ्य की जानकारी मिलने से शुभचिंतक चिंतित थे।



सीएम के स्वास्थ्य लाभ को लेकर पूजा में भाग लेते पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया व् अन्य

स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना को लेकर नारायण पंड्या, किशोर भट्ट व अरविंद चौबीसा के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रों के साथ 1008 महामृत्युंजय मंत्र व 24 हजार गायत्री मंत्र की आहुतियां देकर श्रीफल होम के साथ हवन किया। पार्षद सुमन गुप्ता, विमल कलासुआ, कमल जांगिड़, जसवंतसिंह राव, नानका जोशी, मनोज कंसारा, मणिलाल पंड्या, लालशंकर यादव, विजयराम भावसार, कमलाशंकर सुथार, ईश्वरलाल यादव, विवेश कंसारा, सुरेश यादव, नारायणलाल सुथार मौजूद थे। गौरतलब है की प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत स्वास्थ्य ख़राब होने के चलते कल से जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती है ।

# पांच महिलाओं सहित 52 जनों ने किया रक्तदान

## भारत विकास परिषद् , महावीर इंटरनेशनल वामा एवं विद्यानगर संस्थान का आयोजन




**सागवाड़ा।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में भारत विकास परिषद् , महावीर इंटरनेशनल वामा एवं पंचवटी स्थित विद्यानगर संस्थान की ओर से शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर में पांच महिलाओं सहित 52 जनों ने रक्तदान किया । मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया थे। अध्यक्षता नारायण लाल बनोत एवं तिलकनन्दनी शाह ने की। विशिष्ठ अतिथि प्रमुख चिकित्साधिकारी प्रभारी डॉ. राजाराम मीणा, मयंक दोसी, गिरीश सोमपुरा, डॉ . हितेश शाह, प्रेरणा शाह थे। रक्तदान शिविर में डूंगरपुर दल के डॉ . मानवेन्द्रसिंह अहाड़ा, पदमेश गांधी, राजेन्द्र सेवक, गौरव पंचाल, अनिल लबाना, अनिल त्यागी, अंजली पाटीदार, मुकेश बलात, बाबुसिंह बांसड़, विक्रमसिंह तथा सागवाड़ा से महिपालसिंह राव, भंवरसिंह, मानशंकर ताबियाड़ एवं महेश सेवक ने सेवाएं दी । वामा की प्रेरणा शाह ने 14 वीं बार रक्तदान किया। इनके साथ पुत्र प्राशु शाह, सूचि शाह एवं राहुल शाह ने रक्तदान किया। डॉ . राजकुमार दोसी ने भी रक्तदान किया। इस दौरान अशेक जैन, ललित पंचाल, कुबेरलाल जोशी, विश्वनाथ पण्ड्या, हरीश शाह, राजेन्द्र शुक्ला, नवनीत सोनी, दीपक शाह, निखिल सोमपुरा, दिनेशसिंह राव, कमलेश सिंह राव, वीरसिंह चौहान, पंकज पंचाल, रेखा पंचोरी, धनकुंवर आंजणिया, मंजू भूता, प्रभा गुप्ता, अर्चना दोसी, निधी जैन मौजूद थे।

## चैन स्नैचिंग अंतरराज्यीय गैंग के दो आरोपियों को कोर्ट नेजेल भेजा

**डूंगरपुर।**

डूंगरपुर । जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने डूंगरपुर सहित गुजरात में चैन स्नैचिंग करने वाली अंतरराज्यीय गैंग के दो आरोपियों को रिमांड अवधि ख़त्म होने पर आज डूंगरपुर कोर्ट में पेश किया गया ।

जहा से कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है । कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान ने बताया की । अगस्त को डूंगरपुर शहर की न्यू कॉलोनी में रचना पंचाल के साथ बाइक सवार दो बदमाशो ने चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था । जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी । इस दौरान पुलिस ने 26 अगस्त को मामले में गुजरात के शामलाजी थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर निवासी जिग्नेश खराड़ी एवं टीटोई निवासी भावेश गमेती को गिरफ्तार किया था । गिरफ्तार आरोपियों ने डूंगरपुर शहर की न्यू कॉलोनी व बिछीवाडा सहित गुजरात के कई जिलो में चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया था।

## लाइनमैन की बाइक चुराने का आरोपी गिरफ्तार, आरोपी के कब्जे से 2 बाइक जब्त




**डूंगरपुर।**

21 अगस्त को बिजली निगम के लाइनमैन की बाइक चोरी के मामले का साबला थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने पड़ोसी गांव के ही एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 2 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। साबला थानाधिकारी मनीष खोईवाल ने बताया कि क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदातें बढ़ रही थी। 21 अगस्त की रात को साबला एवीवीएनएल में लाइनमेन शैलेन्द्र मीणा निवासी सवाई माधोपुर की बाइक चोरी की वारदात हुई थी। वारदात के बाद थानाधिकारी मनीष के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल गिरिराजसिंह, कांस्टेबल जयपालसिंह की टीम जांच में जुट गई, जिस पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे। पुलिस में मामले में आरोपी राहुल यादव निवासी पिंडावल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी की वारदात करब कबूल कर लिया है और उसके कब्जे से 2 मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर एक अन्य बाइक चोरी की वारदात करना भी कबूल कर लिया है और पूछताछ में ओर भी कई वारदाते खुलने की संभावना है।




(श्रावण मास के तहत वागड़ क्षेत्र के शिवालयो में पूजा अर्चना का दौर जारी है नीलकंठ महादेव मंदिर फलातेड भीलूडा में श्रावण मास के नागपंचमी पर शिवलिंग का हुआ श्रृंगार)

## जिला कलेक्टर ने दोवडा ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय व स्कूलों का निरीक्षण किया

**सागवाड़ा।**



जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने आज डूंगरपुर व दोवडा ब्लोक का दौरा किया । इस दौरान उन्होंने पशु चिकित्सालय, विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र व स्कूलों का निरीक्षण किया । अपने दौरे के तहत कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने जिला मुख्यालय पर स्थित पशु चिकित्सालय के साथ खेडा, वसी, दोवडा और फलोज में भी पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने पशुओ में होने वाली मौसमी बीमारियों, पशुओ में टीकाकरण, चिकित्सकिय व्यवस्थाओं व उपलब्ध दवाओं व खाली पड़े पदों की जानकारी ली । वही इसके साथ कलेक्टर ओला ने सभी पंचायतो के स्वास्थ्य केन्द्रों का भी दौरा करते हुए वहा पर चल रहे कोरोना वेक्सिनेशन कार्य का जायजा लिया । इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कोरोना संक्रमन से बचाव के लिए वेक्सिनेशन के प्रति प्रेरित किया । इस दौरान फलोज स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर के नदारद मिलने पर उन्होंने सीएमएचओ को कार्रवाई के निर्देश दिए ।


## कोविड-19 की पालना के साथ श्रद्धा से मनायें उत्सव...



**सागवाड़ा।** पुनर्वास कॉलोनी स्थित गणपति मंदिर चौकी पर सीआइ सुरेंद्र सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक संपन्न हुई। पुलिस प्रशासन ने आगामी आने वाले उत्सवों के लिए सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उत्सव श्रद्धा से मनाएं लेकिन कोविड-19 लाइन की पालना सुनिश्चित हो तथा उसमें भीड़ अधिक नहीं हो द्य जन्माष्टमी पर्व पर मटकी फोड़ कार्यक्रम तथा गणपति उत्सव पर गणपति स्थापना सांकेतिक रूप से मनाए जाने के निर्देश दिए तथा गणपति पर प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति स्थापित करने पर सख्त पाबंदी रहने की बात कहीद्य महावीर जैन, ध्यानी लाल कंसारा, कन्हैया लाल व्यास, आकाश शाह , कृष्ण पाल सिंह चौहान सहित कॉलोनी वासियों ने कॉलोनी में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने, पुलिस चौकी पर जाप्ता बढ़ाने तथा पूर्व में अनसुलझे केश को सुलजाने की मांग रखी द्य चौकी बीट प्रभारी यशपाल सिंह शक्तावत व भानु प्रताप सिंह ने कॉलोनी में वर्तमान स्थितियों की जानकारी दी द्य इस अवसर पर योगेश पंड्या, अरविंद चौबीसा, बंसीलाल पंचाल, विनोद भावसार, बालकृष्ण पटेल, सुख लाल पटेल, मंथन गुप्ता, राज।

# सोमकमला आंबा बांध बैक वाटर से बजरी खनन करती पकड़ी 2 नावें, 150 टन बजरी जब्त

**डूंगरपुर।**



जिले के सबसे बड़े सोमकमला आंबा बांध से अवैध खनन के खिलाफ दोवड़ा थाना पुलिस ने शनिवार को छापेमार कार्रवाई की। पुलिस ने बांध पेटे से बजरी निकालते अवैध 2 नावे जब्त की है, जबकि मौके पर 150 टन निकाली हुई बजरी भी मिली है। कार्रवाई के बाद खनन विभाग की टीम भी पंहुच गई है। मामले में अब खनन विभाग के ओर से केस दर्ज करवाया जाएगा। दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि शनिवार को सोमकमला आंबा बांध के बैक वाटर क्षेत्र इंदौडा में अवैध बजरी खनन के खिलाफ छापेमार कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही अवैध बजरी खनन करने वाले पानी में कूदकर भाग गए। पुलिस ने मौके पर बजरी खनन कार्य मे इस्तेमाल हो रही 2 नावों को जब्त किया है। इन नावों पर ही मोटरे लगी हुई थी, जिससे बांध की गहराई से बजरी निकाली जा रही थी। वही पुलिस ने बांध के किनारे ओर निकाली हुई करीब 150 टन बजरी बरामद की है। अवैध बजरी खनन की कार्रवाई की सूचना पर खनन विभाग की टीम भी मौके पर पंहुच गई। मामले में अब खनन विभाग अवैध बजरी खनन माफियाओं को चिन्हित करने में लगी है और उनके खिलाफ केस दर्ज करवाया जाएगा। गौरतलब है कि सोमकमला आंबा जिले का सबसे बड़ा बांध है और यहां बड़े पैमाने पर अवैध बजरी का खनन होता है। नावों के जरिये बांध की गहराई से बजरी निकाली जाती है और फिर डूंगरपुर सहित बांसवाड़ा व उदयपुर में परिवहन की जाती है।

# मौसम में बदलाव के साथ ही संक्रामक बीमारियां जुकाम, खांसी बुखार के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी

## श्री हरिदेव जोशी सामान्य अस्पताल की ओपीडी में हर रोज करीब 100 रोगी

**डूंगरपुर।**

**डूंगरपुर।** जिले में मौसम में बदलाव के साथ ही संक्रामक बीमारियां जुकाम, खांसी बुखार के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। मेडिकल कॉलेज के श्री हरिदेव जोशी सामान्य अस्पताल की ओपीडी में हर रोज करीब 100 रोगी वायरल के पहुंच रहे हैं। परेशानी यह है कि जो लक्षण कोरोना संक्रमितों में दिखते हैं वहीं वायरल के रोगियों में यानी जुकाम, खांसी, बुखार, उल्टी, दस्त आदि नजर आ रहे हैं। अब इनमें कौनसा रोगी वायरल का है और कौनसा कोरोना संक्रमण का, पहचान करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में डॉक्टरों ने एंटीजन टेस्ट के साथ ही आरटीपीसीआर की संख्या बढ़ा दी है। डूंगरपुर जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ कांतिलाल मेघवाल ने बताया की अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन मौसमी बीमारियों के मरीज आ रहे हैं। इनमें जुकाम, खांसी, उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायतों वाले ज्यादा है। कोरोना संक्रमण के भी यही लक्षण होते हैं। ऐसे में लोगों को ज्यादा सावधानी बरतने की जरुरत है। क्योंकि त्यौहारों का समय चल रहा है, लोगों का आवागमन बढ़ रहा है। ऐसे कौन संक्रमित है और कौन नहीं, पहचान कर पाना मुश्किल है। ऐसे में उन्होंने कहा की अगर उनको या फिर उनके परिवार में किसी व्यक्ति को जुकाम, खांसी व बुखार आ रहा है तो इसे मामूली मौसमी बीमारी समझने की भूल कतई न करें, यह कोरोना संक्रमण के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा की लोगों को चाहिए कि इस तरह की शिकायत होने पर तत्काल अस्पताल पहुंचे और कोरोना की जांच कराएं। उन्होंने बताया की ओपीडी में आने वाले मरीजों की आरटीपीसीआर और भर्ती मरीजों के एंटीजन टेस्ट कराए जा रहे हैं।